## एक नजर में

### विहिप-बजरंग दल का होली मिलन समारोह



**बुरहानपुर।** विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल ब्रम्हपुर की होली मिलन समारोह जिला मासिक जिला बैठक शाहपुर प्रखंड स्थित के.डी. इंटरनेशनल स्कूल दरियापुर में सम्पन्न हुई। जानकारी एदिनेश राठौड़ जिला प्रचार प्रसार प्रमुख ने बताया बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों सहित श्रामोत्सव कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक समिति अपने.अपने प्रखंड, खंड, गांव तथा मोहल्लों तक पहुंचकर उत्साहपूर्वक रामोत्सव मनाएगी, जिससे समाज में धर्म, संस्कृति और संगठन के प्रति जागरूकता बढ़े।

बैठक में विभाग संगठन मंत्री वासुदेव जी पंड्या एवं विभाग मंत्री निलेश जी महाजन ने पूर्व में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया तथा कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान धर्म रक्षा निधि महाअभियान में जिला एवं प्रखंड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का भगवा गमछा पहनाकर ओर राम दरबार भारत माता का चित्र भेट कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रेम जी पटेल, जिला उपाध्यक्ष संतोष जी पंडित, विलास बड़े, किशोर यादव, जिला मंत्री युवराज पाटिल, सुनील गाठे, निखिलेश महाजन, रवि सालुंके, दिलीप इंगले, विक्की वाघले अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सावित्री बाई फूले की जयंती पर महिलाओं ने उनके योगदान को किया याद



**इच्छापुर।** सकल फूल माली समाज द्वारा मंगलवार को सुबह 8बजे महात्मा ज्योतिराव चौक में सावित्री बाई फूले की जयंती महिलाओं ने मनाई। जिसमें समाज की सभी महिलाओं ने सावित्री बाई ज्योतिराव फूले को पुष्प माला पहनाकर नमन किया। इस मौके पर मंदाकिनी बाजीराव चौधरी ने सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पहला स्वदेशी स्कूल ज्योतिराव फूले और सावित्रीबाई फूले ने 1878 में स्कूल शुरू किया था। जिन्होंने 19 सदी में महिलाओं की शिक्षा और मजबूत बनानें में अहम भूमिका निभाई थी, इस अवसर पर माली समाज के अध्यक्ष पुंडलिक महाजन, विजय महाजन, डॉ गणेश पाटिल, गोकुल वानखेड़े, श्रावण बाबुजी, राम भय यावलकर, नामदेव महाजन पूर्व जनपद सदस्य, विजय सपकाले, गोकुल महाजन, सोपान महाजन सहित समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद थी।

### वन मंडल स्तरीय तेंदूपत्ता शाख कतरन प्रशिक्षण सह कार्यशाला



**बुरहानपुर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी वन मंडल बुरहानपुर के अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य किया जाना है तेंदूपत्ता संग्रहण से पूर्व सकर्तन का कार्य किया जाता है इसी तर्क में आज दिनांक 10/3/2026 को वन परक्षित्र क्षेत्र खकनार के कक्ष क्रमांक 332 में वन मंडल स्तरीय तेंदूपत्ता शाख कतरन का प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सभी परिक्षेत्र अधिकारी सभी फड़ मुंशीए फड़ अभिरक्षक सभी उप वनमण्डल अधिकारी उपस्थित रहे । ज्ञात रहे कि की तेंदू पत्ता संग्रहण वन क्षेत्र के आसपास रहने वाले ग्रामीण के लिए आय का महत्वपूर्ण साधन है वर्ष 2025 में 4570 मानक बोरा संग्रहण किया गया जिसकी मजदूरी ग्रामीणों को 01करोड़ 82 लाख 80 हजार वितरित की गई इसी प्रकार वर्ष 2026 में5410 मानक बोरा का लक्ष्य है। 4000 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से मजदूरी का वितरण किया जाएगा जिसका कुल राशि 2 करोड़ 16 लाख 40000 रुपये होगी। तेंदूपत्ता संग्रहण हेतु ग्रामीणों के मध्य अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा रहा है जिससे ग्रामीण अपने आसपास के वन क्षेत्र से तेंदूपत्ता संग्रहण कर एक अच्छी आय प्राप्त कर सकें।

### वरिष्ठ पत्रकार किशोर पाटिल को दी बधाइयां



**इच्छापुर।** ग्राम इच्छापुर के वरिष्ठ पत्रकार किशोर पाटील का 66 वां जन्म दिवस ग्राम इच्छापूर में ग्रामीणों द्वारा हर्षउल्हास के साथ मनाया। पाटील ने श्री इच्छा देवी की पूजा.अर्चन कर आरती की तत्पश्चात ग्राम के सरपंच प्रतिनिधी द्वारा पाटील को तिलक लगा कर पुष्प माला से स्वागत कर जन्म दिवस की बधाई दी। इस मौके पूर्व उप सरपंच गणेश महाजन द्वारा पाटील के 50 वर्ष के पत्रकारीता के जिवन पर अपने विचार रखे। इसी प्रकार ग्राम वासीयों ने पुष्प हार से स्वागत कर जन्म दिवस की बधाई दी। पूर्व सरपंच संजय पवार, पूर्व जनपद सदस्य नामदेव महाजन, सेवानिवमत प्रबंधक सुनिल सपकाले, माली समाज के अध्यक्ष पुंडलीक महाजन, रविद्र जैन, समाधान प्रजापती, श्रीइछा देवी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान, मोहन पवार, विजय सपकाले, गोकूल महाजन, गज्जू भाना, सुनिल तायडे, संतोष नाना, सुभाष चौहान, प्रविण पवार, योगेश पवार, अकण तोइलीकर, सोपान महाजन सहीत ग्राम के गणमान्य लोगों ने एवं जिले के सभी पत्रकारोंने दुरभाष पर जन्म दिवस की बधाई दी।

### समाधान योजना मार्च तक ही, लाभ लेने की अपील

**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 31 मार्च तक लागू तीन माह से अधिक के बकाया बिलों के लिए समाधान योजना का लाभ लेने की अपील की है। इसके अंतर्गत पुराने बकाया बिलों के एकमुश्त भुगतान पर सरचार्ज राशि पर 70 से 90 प्रतिशत तक एवं किश्तों में बिल भुगतान का विकल्प चुनने पर 50 से 60 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। अब तक पश्चिम क्षेत्र कंपनी ने करीब 31 करोड़ की छूट दी है। वहीं कंपनी को 7.43 लाख उपभोक्ताओं से करीब 209 करोड़ का राजस्व मिला है।

# सायबर सेल ने लौटाए 13 लाख के गुम मोबाइल, लोगों के खिले चेहरे

**तीन महीने में तकनीकी मदद से ट्रेस किए 70 मोबाइल फोन**

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** जिला सायबर सेल ने गुम हुए मोबाइलों को ट्रेस करने में सफलता प्राप्त की है। तीन महीने में ही सायबर सेल ने 70 मोबाइल ट्रेस किए हैं। इनकी कीमत करीब 13 लाख रूपए बताई जा रही है। एसपी देवेंद्र पाटीदार ने लोगों को सलाह दी है कि मोबाइल गुम होने पर तत्काल संचार साथी एप्पलिकेशन पर शिकायत दर्ज करें जिससे आपके मोबाईल फोन के अनाधिकृत उपयोग को रोका जा सकें।



एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार के नेतृत्व में जिला सायबर सेल अपराधियों तक पहुंचने में तकनीकी सहायता देने के साथ गुम मोबाइलों को ट्रेस करने का कार्य भी कर रही है। सायबर सेल ने पिछले 03 माह की अवधि के दौरान गुम हुए करीबन 13 लाख कीमत के 70 मोबाइलों को ट्रेस किया है। ट्रेस किए गए मोबाइल उनके मालिकों को एसपी द्वारा लौटाए जा रहे हैं।

ट्रेस किए गए मोबाइलों में 10 हजार रुपए से लेकर 40 हजार तक के महंगे एंड्रॉयड मोबाइल शामिल हैं। उक्त गुमे हुए मोबाइल स्थानीय क्षेत्रों के साथ साथ सीमावर्ती जिले धार, खरगोन, आलीराजपुर व महाराष्ट्र राज्य से भी बरामद किये गये हैं। ट्रेस किए गए कई मोबाइल पढ़ाई करने वाले छात्रों के है।

वर्तमान समय में मोबाइल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। वॉइस कॉलए वीडियो कॉल, ऑनलाइन खरीददारी से लेकर पेमेंट अथवा बैंकिंग संबंधी सभी कार्य मोबाइल द्वारा किए जा रहे है। मोबाइल गुम होने पर आर्थिक नुकसान होने के साथ साथ कई परेशानियां बड़ी हो जाती है। मोबाइल गुम की शिकायत मिलने पर सायबर सेल तत्काल अलर्ट होकर मोबाइल को ट्रैकिंग पर लगाती है। लगातार फॉलोअप करने के परिणाम स्वरूप सायबर सेल को यह सफलता मिली है। मोबाइल प्राप्त करने वाले नागरिकों ने बुरहानपुर पुलिस एवं साइबर सेल टीम के प्रति आभार व्यक्त किया तथा पुलिस के इस जनहितैषी कार्य की सराहना की।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने टीम के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जनता की मदद करना और उनकी खोई हुई वस्तुओं को वापस दिलाना पुलिस का मानवीय कर्तव्य है।

मोबाइल फोन को ट्रेस करने में सायबर सेल टीम. आरक्षक दुर्गेश पटेल, आर.सत्यपाल बोपचे, आर. ललित चौहान, आर.शक्ति सिंह तोमर एवं समस्त थानों के सायबर हेल्प डेस्क कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सांसद ने उठाया स्वास्थ्य सुविधाओं का मुद्दा, ईसीएचएस पॉली क्लिनिक की मांग

**सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने लोकसभा में उठाई बुरहानपुर खंडवा के पूर्व सैनिकों की आवाज**

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने संसद में बुरहानपुर और खंडवा जिले के पूर्व सैनिकों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी प्रमुख समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने लोकसभा में लोकसभा नियम 377 के अंतर्गत यह विषय रखते हुए केंद्र सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया।



**180 किलोमीटर दूर है निकटतम ईसीएचएस पॉली क्लिनिक:**-सांसद पाटील ने बताया कि भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना ईसीएच एस के तहत उपचार प्राप्त करने के लिए पूर्व सैनिकों को पहले नजदीकी ईसीएचएस पॉली क्लिनिक से संदर्भ पत्र लेना अनिवार्य होता है।बुरहानपुर जिले के लिए निकटतम पॉली क्लिनिक महू और इंदौर में स्थित हैंए जो लगभग 180 किलोमीटर दूर हैं। इतनी लंबी दूरी तय करने में पूर्व सैनिकों को काफी समय लग जाता है।

**बुजुर्ग पूर्व सैनिकों को उठानी पड़ रही कठिनाइयाँ:**-सांसद ने बताया कि जिले में बड़ी संख्या में ऐसे पूर्व सैनिक हैं जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक है। हाल ही में एक 82 वर्षीय पूर्व सैनिक को भी उपचार के लिए लगभग 180 किलोमीटर दूर जाकर संदर्भ पत्र लेना पड़ा।लंबी दूरी और यातायात जाम के कारण बुजुर्ग पूर्व सैनिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**ऑनलाइन व्यवस्था हो:**-सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने केंद्र सरकार से मांग की कि पूर्व सैनिकों की बढ़ती आयु और पॉली क्लिनिक की दूरी को ध्यान में रखते हुए बुरहानपुर और खंडवा जिले के पूर्व सैनिकों को संदर्भ पत्र लेने की अनिवार्यता से राहत दी जाए। साथ ही उन्हें ऑनलाइन संदर्भ की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए, जिसका उपयोग कोविड काल में सफलतापूर्वक किया गया था।उन्होंने यह भी मांग की कि खंडवा या बुरहानपुर में एक स्थायी ईसीएचएस पॉली क्लिनिक स्थापित किया जाए अथवा क्षेत्र में चलित ;मोबाइलद्ध ईसीएचएस पॉली क्लिनिक प्रारंभ किया जाएए ताकि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को नजदीक ही उपचार की सुविधा मिल सके।

सांसद ने कहा कि बुरहानपुर और खंडवा क्षेत्र के पूर्व सैनिकों की संख्या काफी अधिक है। बुजुर्ग पूर्व सैनिकों को उपचार के लिए 180 किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा हैए जो उनके लिए अत्यंत कठिन है। सरकार को इस समस्या का शीघ्र समाधान करते हुए क्षेत्र में ईसीएचएस पॉली क्लिनिक स्थापित करना चाहिए।

## महिला प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह अंतर्गत मंगलवार को जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय महिला प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की महिला अधिकारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने हेतु महिलाओं को प्रोत्साहित तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर पल्लवी पुराणिक, विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली प्रतिभाशाली महिलाएं, जिला कार्यक्रम अधिकारी भारती अवास्या, जिला आपूर्ति अधिकारी अर्चना नागपुरे, जिला आयुष अधिकारी डॉ.कविता गढ़वाल, जिला पेंशन अधिकारी सुनिता नरगावे, जिला परियोजना प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन संतमती खलखो सहित अन्य द्वारा सहभागिता की गई।

इसी कड़ी में द फिफ्थ डायमेंशन एकेडमी द्वारा भी कार्यक्रमकिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत् महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी की। सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गयी है। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

महिलाओं को सेल्फडिफेंस की ट्रेनिंग दे रही दीपाली सोनी एवं मुस्लिम महिलाओं को परियोजना से जोड़कर उन्हें आगे लाने और सक्रिय रूप से कार्य कराने हेतु आयशा सुल्ताना, डीएटीसीसी मेंबर राजकुमारी ठाकुर, पुलिस विभाग से निधि शर्मा व टूरिस्ट फैसिलिटेटर पर्यटन सखी अंजली मिश्रा सहित अन्य महिलाओं का भी सम्मान किया गया।

## जम्बू कुमार पहाड़िया बने बुरहानपुर टेक्सटाइल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** टेक्सटाइल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन बुरहानपुर की साधारण सभा राजस्थान भवन में संपन्न हुई जिसमें जैन समाज के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं बुरहानपुर टेक्सटाइल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के कर्मठ वरिष्ठ सदस्य जम्बु कुमार पहाड़िया को संगठन का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।

चुनाव समिति के सदस्य सर्व आनंद सिंघानिया, दामोदर तोदी, राजेश जैन, विष्णु मित्तल के द्वारा यह जानकारी दी गई की नवनियुक्त अध्यक्ष का कार्यकाल 2 वर्ष का रहेगा एवं शीघ्र ही नवनियुक्त अध्यक्ष द्वारा कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा। आयोजित सभा में सर्व सहमती से निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने पर पहाड़िया ने सभी टेक्सटाइल एसोसिएशन बुरहानपुर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया और अपने संबोधन में कहा की बुरहानपुर शहर के लिए टेक्सटाइल व्यापार के विकास के लिए में हर संभव वह सभी प्रयास करूंगा जिससे की व्यापार प्रगति की और अग्रसर हो जिससे की देश का विकास हो सके साथ ही आपने सभी को साथ लेकर इस संस्था को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उपस्थित संस्था के सभी सदस्यों ने जम्बू कुमार पहाड़िया का पुष्पमाला द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। इस सभा में संस्था के संरक्षक रामधारी मित्तल, रतन गाड़ियां, रेवतमल तापड़िया, बंका, शंभू कुमार पहाड़िया, विमल कुमार पाटनी, दिलीप पहाड़िया आदि भी मौजूद थे। सभा में पूर्व अध्यक्ष आनंद सिंघानिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया एवं पूर्व कोषाध्यक्ष अशोक सिंघानिया द्वारा लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया स कार्यक्रम का सफल एवं सुंदर संचालन मेहुल जैन द्वारा किया गया स इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ महावीर प्रसाद पहाड़िया, धर्मचंद जैन, भगवती प्रसाद बगड़िया, राजू जोशी, सुरेंद्र जैन भारती, सागरमल सेठी, जतनजी सेठिया, वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र जैन लुहाड़िया, कमल छाबड़ा आदि अन्य ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतों में कमी

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सतत् पर्यवेक्षण और आपूर्ति संबंधी तकनीकी सुविधाओं में बढ़ोत्तरी से बिजली संबंधी शिकायतों में व्यापक स्तर पर कमी आई है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के आदेशानुसार शिकायत निवारण गंभीरता से किया जा रहा हैए साथ ही उच्चदाब और निम्नदाब श्रेणी की बिजली आपूर्ति पर सतत् पर्यवेक्षण एवं नए कार्य किए जा रहे हैं। इसी से शिकायतों में कमी की स्थिति बनी हैं। चौहान ने बताया कि 8 मार्च को कंपनी स्तर पर आपूर्ति संबंधी शिकायतें 2812 दर्ज हुईए जबकि 8 फरवरी को यह संख्या 3185 दर्ज हुई थी।

## पांगरी बांध प्रभावित किसानों को चार गुना मुआवजा का आश्वासन

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** निर्माणाधीन पांगरी बांध के समीप शिव मंदिर में मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नेपानगर तथा कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग बुरहानपुर एवं अन्य आला अधिकारियों के साथ में किसानों कि महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें भागीरथ वाखला एसडीएम ने किसानों को जिला अधिकारी संजय सिंह के साथ किसानों की 20 फरवरी को जो बैठक हुई थी।



उसकी पुनरावृत्ति की उन्होंने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार ने 4 गुना मुआवजा हेतु एक समिति का गठन किया है। जब तक समिति का निर्णय नहीं आएगा धारा 26 नहीं लगाई जाएगी और पांगरी बांध प्रभावित किसानों को चार गुना मुआवजा दिया जाएगा अत: किसानों से बांध बनाने में सहकार्य करने का आग्रह किया।

ज्ञात हो कि 20 फरवरी 2026 को जिला अधिकारी कार्यालय में जिला अधिकारी संजय सिंह, अनुविभागिय अधिकारी भगीरथ वाखला नेपानगर, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, एस डी ओ सपना वास्कले एवं किसानों के एक शिष्टमंडल के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से चार गुना मुआवजा दिए जाने की जानकारी किसानों को दी और किसानों को कहा कि बांध के निर्माण कार्य को सुचारू रूप से चलने दे किसानों का नेतृत्व कर रहे डॉ रविकुमार पटेल ने जिलाधिकारी से कहा कि समिति के निर्णय आने के उपरांत ही जिला प्रशासन मुआवजा राशि कि घोषणा करें। कुल मिलाकर फिलहाल ऐसा मालूम होता है कि यह संघर्ष वर्तमान के लिए स्थगित हो गया है। डॉ रवि कुमार पटेल ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि हम जिलाधिकारी के कथन का सम्मान एवं विश्वास करते हुए हमारे आंदोलन को परित्यक्त करते हैं किंतु सरकार को चेतावनी भी देते है अगर किसानों के साथ छल या विश्वासघात किया गया तो भविष्य में अकल्पनीयए अचिंत्य बृहद आंदोलन किया जाएगा।श

पूरे प्रदेश में बांध प्रभावित किसानों के साथ बेईमानी, अनाचार किया जा रहा है केंद्र सरकार के भुमि अधिग्रहण कानून कि धारा 106 ;1 के अनुसार केंद्रीय सरकार अधिसूचना द्वारा इस अधिनियम की किसी अनुसूची को किसी भी रूप में प्रतिकर को कम किए बिना अथवा इस अधिनियम के प्रतिकर या पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन से संबंधित उपबंधों को क्षीण किए बिना संशोधित या परिवर्तित कर सकेंगी।

**एक नजर**

**पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने किया भूमिपूजन-लोकार्पण...**

## ग्राम बहादरपुर में 1 करोड़ 60 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों की शुरुआत

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** ग्राम बहादरपुर के समग्र विकास को गति प्रदान करते हुए बुरहानपुर की विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने लगभग 1 करोड़ 60 लाख 47 हजार रुपए की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। ग्राम बहादरपुर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विकास कार्यों की सौगातें मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्रीमती चिटनिस का पुष्पहारों से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान अर्चना चिटनिस ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किए।





ग्राम बहादरपुर में किए जा रहे इन विकास कार्यों के माध्यम से गांव के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सड़क, नाली, पेवर ब्लॉक, शेड निर्माण, प्रवेश द्वार, सामुदायिक भवन तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीणों को आवागमन, स्वच्छता और सामुदायिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

कार्यक्रम के दौरान लगभग 51 लाख 56 हजार की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की सौगात प्रदान की गई। इसमें 13 लाख 56 हजार रूपए की लागत से विठ्ठल मंदिर के समीप शेड निर्माण, 10 लाख की लागत से बस स्टैंड के समीप सौंदर्यीकरण, 10 लाख रूपए की लागत से आंगनवाड़ी से हतनूर रोड की ओर सड़क निर्माणए 6 लाख रूपए की लागत से अहिल्याबाई प्रवेश द्वार का निर्माण, 2 लाख रूपए की लागत से मनोकामेश्वर हनुमान मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक निर्माण तथा ग्राम के वार्ड क्रमांक 08 में 10 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण जैसे प्रमुख कार्य शामिल हैं। इन कार्यों से न केवल ग्राम की पहचान और सौंदर्य में वृद्धि होगी, बल्कि धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए भी बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी।

इसके अतिरिक्त लगभग 43 लाख 8 हजार रुपए की लागत से ग्राम के विभिन्न स्थानों पर सीसी सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पेवर ब्लॉक कार्य, शेड निर्माण तथा सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्राम में स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी तथा सार्वजनिक स्थलों का स्वरूप भी बेहतर होगा।

वहीं लगभग 65 लाख 83 हजार रुपए की लागत से ग्राम के अलग.अलग वार्डों और मोहल्लों में सीसी सड़क एवं सीसी नाली निर्माण, पेवर ब्लॉक कार्य तथा नाली और सड़क निर्माण से जुड़े कई कार्य स्वीकृत कर आज भूमिपूजन.लोकार्पण किए गए हैं। इन कार्यों से गांव के विभिन्न हिस्सों में जल निकासी व्यवस्था में सुधार होगा, जिससे बरसात के समय होने वाली समस्याओं से भी राहत मिलेगी और ग्रामीणों के आवागमन को अधिक सुगम बनाया जा सकेगा। इन सभी विकास कार्यों के पूर्ण होने के बाद ग्राम बहादरपुर में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और गांव के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। ग्रामीणों को बेहतर सड़क, स्वच्छ वातावरण और सामुदायिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा, जिससे गांव की जीवन गुणवत्ता में भी सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए प्रत्येक गांव में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, स्वच्छता, पेयजल, सार्वजनिक स्थल और सामुदायिक सुविधाओं का विकास सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में उनका प्रयास है कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव में विकास कार्यों को गति मिले और ग्रामीणों को आवश्यक सुविधाएं उनके गांव में ही उपलब्ध हो सकें।

श्रीमती चिटनिस ने ग्रामीणों से भी अपील करते हुए कहा कि वे विकास कार्यों में सहयोग करें और अपने गांव को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही विकास कार्यों को स्थायी और प्रभावी बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, योगेश महाजन, नरहरी दीक्षित, चिंतामन महाजन, कैलाश पारीख, पंडित योगेश चतर्वुेदी, जनपद पंचायत सदस्य विनोद चौकसे, विनोद कोली, विठ्ठल चौधरी, मनोज महाजन, श्रीमती वंदना विजय उमाले, सरपंच हेमंत पाटिल, विजय उमाले, प्रमोद चौहान, रवि काले, किशोर शाह, रमेश गुप्ता, सुरेश सोनी, रूपेश लिहनकर, रामदास पाटिल, रघुनाथ महाजन, दीपक महाजन, योगेश महाजन, महेन्द्र चौधरी, उमेश देवस्कर, वैभव महाजन, मनोज लवलखे, मोहन बावस्कर, मुकेश लोंढे, सुरेश लोंढे एवं राहुल महाजन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत बहादरपुर द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।